# प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM JANMAN)

## प्रमुख बिंदु


- **लॉन्च:** वर्ष 2023
- **प्रकार:** इसमें केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित दोनों योजनाएँ शामिल हैं
- **उद्देश्य:** विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG) की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाना
- **नोडल मंत्रालय:** जनजातीय कार्य मंत्रालय
- **लाभार्थी:** 75 PVTG समुदाय
- **कुल बजटीय परिव्यय:** 24,104 करोड़ रुपए
- **कवरेज अवधि:** वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक

## PM JANMAN योजना:

- **परिचय:**
  - **लॉन्च:** PM JANMAN को **15 नवंबर, 2023 को लॉन्च** किया गया था, इस दिन को **जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भी मनाया** जाता है।
  - यह पहल भारत के वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में घोषित **प्रधानमंत्री-PVTG विकास मिशन को** आगे बढ़ाती है।
- **उद्देश्य:** इस **योजना का उद्देश्य** व्यापक विकास हस्तक्षेप प्रदान करके **विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG)** की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है।
- **लाभार्थी:** इस योजना का लक्ष्य **18 राज्यों** और **1 केंद्रशासित प्रदेश (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) के 75 PVTG** समुदायों को लाभार्थी बनाना है।
- **नोडल मंत्रालय: जनजातीय कार्य मंत्रालय नोडल मंत्रालय है जो 9 मंत्रालयों/विभागों** और संबंधित **राज्य सरकारों** के सहयोग से योजना के कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार है।
- **बजटीय परिव्यय:** इस योजना के लिये कुल बजटीय परिव्यय **24,104 करोड़ रुपए है**, जिसमें केंद्र का हिस्सा **15,336 करोड़ रुपए** और राज्य का हिस्सा **8,768 करोड़ रुपए है**।
- **कवरेज अवधि:** योजना की कवरेज अवधि वर्ष **2023-24 से 2025-26 तक है** ।
- **फोकस क्षेत्र:** यह योजना PVTG के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिये आवास, पेयजल, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, आजीविका और विद्युतीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में **11 महत्त्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर ध्यान केंद्रित** करती है।

//

## Foundational Features of PM JANMAN





## PM JANMAN योजना के अन्य प्रमुख विवरण क्या हैं?


- **PM JANMAN योजना के अंतर्गत हस्तक्षेप:**

| मंत्रालय | गतिविधि | योजना |
|---|---|---|
| **ग्रामीण विकास मंत्रालय** | पक्के मकानों का प्रावधान | प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण |
| | सड़कों को जोड़ना | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना |
| **जल शक्ति मंत्रालय** | पाइप जलापूर्ति | जल जीवन मिशन (JJM) |
| | सामुदायिक जल आपूर्ति | 20 परिवारों (HHs) से कम जनसंख्या वाले गाँव/बस्तियाँ |
| **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय** | दवा की लागत के साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन |
| **स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग** | छात्रावासों का निर्माण और संचालन | समग्र शिक्षा |
| **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** | आँगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण एवं संचालन | आँगनवाड़ी सेवाएँ |
| **जनजातीय कार्य मंत्रालय** | वन धन विकास केंद्रों की स्थापना | प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन |
| | बहुउद्देशीय केंद्रों (MPC) का निर्माण | PVTG का विकास |
| **विद्युत मंत्रालय** | अविद्युतीकृत एच.एच. का विद्युतीकरण | पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (RDSS) |
| **गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्रालय** | सड़कों और MPC में सौर प्रकाश व्यवस्था | नई सौर ऊर्जा योजना |
| | 0.3 किलोवाट सौर ऑफ-ग्रिड प्रणाली का प्रावधान | नई सौर ऊर्जा योजना |
| **दूरसंचार विभाग** | मोबाइल टावरों की स्थापना | सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (USOF) |
| **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय** | व्यावसायिक शिक्षा और कौशल | समग्र शिक्षा अभियान और PM कौशल विकास |

- **नई सौर ऊर्जा योजना:**
  - **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य नवीकरणीय सौर ऊर्जा समाधानों का उपयोग करके उन निजी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण उपलब्ध कराना है जहाँ ग्रिड बिजली उपलब्ध नहीं है।
- **अवयव:**
  - **सौर गृह प्रकाश व्यवस्था (SHLS): SHLS को PVTG क्षेत्रों में बिखरे हुए गैर-विद्युतीकृत घरों में आवश्यक उपकरणों और 5 वर्षों** के रखरखाव के साथ निःशुल्क स्थापित किया जाएगा।
  - **सौर मिनी ग्रिड:** PVTG क्षेत्रों में क्लस्टर घरों के लिये सौर मिनी ग्रिड स्थापित किए जाएंगे, जिनमें प्रति घर **50,000 रुपए की CFA सहायता** के साथ LED बल्ब और पंखे जैसे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

- **बहुउद्देशीय केंद्रों (MPC) का सौरीकरण:** ग्रिड तक पहुँच के बिना MPC पर ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा पैक स्थापित किये जाएंगे, जिसमें संपूर्ण प्रणाली लागत को कवर करने के लिये प्रति केंद्र **1 लाख रुपए का CFA समर्थन** दिया जाएगा।
- **बजट:** इस पहल के लिये कुल बजट **515 करोड़ रुपए है**, जिसमें SHLS, सौर मिनी-ग्रिड की स्थापना और PVTG क्षेत्रों में MPC का सौरीकरण शामिल होगा।




## नवीनतम अपडेट

- **सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) अभियान: जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने** PVTG **बहुल क्षेत्रों** में सरकारी योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिये एक राष्ट्रव्यापी **IEC अभियान (अगस्त-सितंबर 2024 में) शुरू किया**।
  - इस अभियान का उद्देश्य भारत के **194 ज़िलों की** 28,700 **बस्तियों में 44.6 लाख व्यक्तियों** (10.7 लाख परिवारों) तक पहुँचना था।
  - अभियान का प्राथमिक लक्ष्य सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना, **दूरी** और **डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी चुनौतियों का समाधान करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि PVTG परिवारों को आधार कार्ड** , **जाति प्रमाण पत्र** एवं **जन धन बैंक खाते** जैसे आवश्यक दस्तावेज़ प्राप्त हों।
- **बुनियादी ढाँचे का विकास:** कुल 226,064 पक्के घर उपलब्ध (19,788 पूरे हो चुके हैं) कराए जाएंगे, स्वास्थ्य देखभाल के लिये 578 मोबाइल मेडिकल यूनिट (Mobile Medical Units- MMU) तैनात किये जाएंगे, 290,676 नल जल कनेक्शन स्थापित किये जाएंगे, बेहतर कनेक्टिविटी के लिये 2,746.17 किलोमीटर सड़कें बनाई जाएंगी और 123,530 अविद्युतीकृत घरों को बिजली कनेक्शन प्राप्त होंगे।
  - **सौर ऊर्जा: नई सौर ऊर्जा योजना के अंतर्गत** 5,067 **घरों को** विद्युतीकृत करने की मंज़ूरी दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-janjati-adivasi-nyaya-maha-abhiyaan